प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में कल बारिश, आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की मौत : 24 घंटे में सर्वे पूरा कर मुआवजा जारी करने के निर्देश।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ईंधन की बचत के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और सार्वजनिक परिवहन को अपनाने का आह्वान।
3. गाजियाबाद में एनडीआरएफ के राष्ट्रपति निशान अलंकरण कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह : 7 क्षेत्रीय रिस्पांस सेंटर का किया लोकार्पण और शिलान्यास।

और

4. आगरा में डेयरी कॉनक्लेव 2026 का आयोजन : पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा– पशुपालक समितिया को एक महीने में ही भुगतान सुनिश्चित करेगी सरकार।

———————

प्रदेश में कल बारिश, आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे पूरा

कराने का निर्देश दिया है, जिससे मुआवजा जारी किया जासके। एक रिपोर्ट.....

*मौसम में आए अचानक बदलाव ने राज्य भर में भारी तबाही मचाई है। आंधी, भारी बारिश और बिजली गिरने से कई लोगों की जान चली गई है। प्रयागराज में 21, भदोही जिले में 15, मिर्जापुर में 18, फतेहपुर में 9, बदायूं में 5 और बरेली जिले में 4 लोगों की मौत हो गई है। 100 से ज्यादा लोग घायल भी हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सबसे ज्यादा मौतें बिजली गिरने की घटनाओं के कारण हुई है। विभिन्न जिलों से बिजली के खंभे और पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे बिजली आपूर्ति और सड़क, रेल यातायात प्रभावित हुआ है। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और निर्देश दिया है कि मुआवजा राशि, बचाव अभियान समेत अन्य कार्यों को सोशल मीडिया पर अपडेट किया जाए। सभी जिलों को हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट भेजने के लिए भी कहा गया है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

वहीं मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलों में प्रभावितों को राहत पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है चंदौली के अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राजेश कुमार ने बताया कि नुकसान का आंकलन करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रहे हैं। जनहानि के प्रकरण में मौके पर पहुंच कर पीड़ितों को आपदा राहत कोष से लाभ दिलाने के सख्त निर्दश दिए गए है। बाइट.....

*हम लोग सभी अवयवों पर सभी कंपोनेंट्स पर काम कर रहे हैं और जो पोलिटेक टूटे हैं उनके मरम्मत उनको लगवाने जाने का काम जारी है। इसके अलावा जो पेड़ इत्यादि गिरे थे उनको भी हटवाकर जो है यातायात सुचारू कराया गया है। जो मानव मृत्यु के केस है उनको भी नियमानुसार*

*आर्थिक सहायता दी जा रही है और इसी प्रकार जो मकान क्षति हुई है, मकान क्षति में भी नियमानुसार जो भी आर्थिक सहायता बन रही है उसको भी दिलाया जा रहा है।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से ईधन की बचत की अपील के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने 7 हजार 700 से अधिक गो आश्रयस्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। लखनऊ में निजी मीडिया संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे। बाइट.....

*अगर, आपके घर से ऑफिस जाने के लिए या अपने प्रतिष्ठान में जाने के लिए वह सुविधा है, हम उसका उपयोग करें तो यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य भी बनता है कि हम इस कार्य को करते हैं तो यह भी हमारी राष्ट्र के प्रति हमारा एक योगदान होगा कि संकट के समय हम भी इस आह्वान के साथ जुड़ कर के देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने, काफिला कम करने की अपील के मद्देनजर विधान परिषद के सभापति

कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भमण के समस्त कार्यक्रमों को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है। वहीं कानपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में पेट्रोल–डीजल वाहनों के प्रयोग पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने आदेश जारी किए है। अब विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक और दूसरे अधिकारी परिसर में आधिकारिक कार्यों के लिए ई–कार्ट या इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करेंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की बैठकों को अधिक से अधिक ऑनलाइन आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए है। बाइट.....

*हमने अपने स्टूडेंट्स को भी कहा है कि जो साइकिल या ई–कार्ड का प्रयोग हम लोगों ने यह भी एक नियम निकाला है कि जो लोग शहर में जा रहे हैं वह ई–व्हीकल का यूज तो पेट्रोल बचाना और इंडिया को बचाना यह तो विधान का अभियान करना है।*

इसी क्रम में अयोध्या नगर निगम ने तय किया है कि अब सप्ताह में एक दिन, यानी हर सोमवार को महापौर, पार्षद और अधिकारी पब्लिक ट्रांसपोर्ट और कार पूलिंग के जरिए नगर निगम कार्यालय पहुंचेंगे। इसके साथ ही महापौर का एस्कॉर्ट वाहन भी बंद कर दिया गया है।

वाराणसी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल बचाआ जागरूकता अभियान चलाया। नई सड़क स्थित कोदई चौकी से इलेक्ट्रिक स्कूटी रैली निकाली गई और पेट्रोल

की बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

——————————

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज गाजियाबाद स्थित आठवीं एनडीआरएफ बटालियन में राष्ट्रपति निशान अलंकरण कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वीर जवानों को प्रेसिडेंट्स कलर अवार्ड प्रदान किया और 6 रोजनल रिस्पांस सेंटर का ई–शिलान्यास और 1 रोजनल रिस्पांस सेंटर का ई–लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि एनडीआरएफ ने दो दशक के कम समय में ही देश के 140 करोड़ नागरिकों का विश्वास जीता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दो हजार चौदह से न केवल जोखिम को न्यूनतम करने के लिए कार्य किया गया, बल्कि प्राकृतिक आपदा को कम करके उससे निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाएजा रहे हैं। बाइट.....

*आज देश भर में कहीं पर भी जाते हैं। आपदा सेवा सदैव सर्वत्र इस घोष वाक्य के साथ काम करते हुए एनडीआरएफ के जवानों के प्रति न केवल समग्र देश जहां–जहां दुनिया में गए वहां आपने प्यार भी अर्जित किया है और लोगों का भरोसा भी अर्जित किया।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश में स्वदेशी दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आगरा में आज स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम थीम पर डेयरी कॉनक्लेव 2026 का आयोजन किया गया। प्रदेश के पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कॉनक्लेव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश सरकार की प्राथमिकता है । प्रदेश के सभी गौशालाओं को संरक्षित और सुरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है और प्रदेश सरकार पशुपालक समितियां को मजबूत करते हुए एक माह में ही भुगतान करने का काम करेगी। बाइट.....

*निराशित गौवंश सहयोगी सरकार की प्राथमिकता है और इसको उत्तर प्रदेश में हम सभी गौशालाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने का काम कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन उत्तर प्रदेश में देश में उत्तर प्रदेश नंबर वन है और भारत का हिस्सा उत्तर प्रदेश में दूध का सबसे अच्छा है।* आज हम दुग्ध महोत्सव के माध्यम से पशुपालकों को दुग्ध समितियों को मजबूत करते हुए महीने के अंदर ही हम दुग्ध उत्पादकों का भुगतान कराने का काम करेंगे और ऐसी अनेक योजनाएं हैं जिसमें दुग्ध उत्पादन की बढ़ोतरी हो।

——————————

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का लखनऊ के बैकुंठ धाम में आज अंतिम संस्कार किया गया। उनकी पत्नी अपर्णा यादव के पिता अरविंद सिंह बिष्ट ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सपा नेता शिवपाल सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव और सैफई परिवार के सदस्य समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

——————————

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित पॉलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा –2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि अब 17 मई कर दी गई है। परिषद के अनुसार, 11 मई तक कुल प्रवेश क्षमता 2 लाख 71 हजार 93 सीटों के सापेक्ष चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जा चुका है।

(समाप्त)